# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - हापुड़ देहात** **दिनांक 20.07.2026**

- **थाना हापुड़ देहात पुलिस ने मनोहर रेजेन्सी से शादी समारोह में कन्यादान में आये रुपयों का सूटकेस चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से चोरी किये गये 1,80,000/- रुपये नकदी, एक ट्राली बैग, एक आधार कार्ड व अवैध असलाह बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 12.07.2026 को मनोहर रेजेन्सी से शादी समारोह के दौरान कन्यादान में आये रुपयों का सूटकेस चोरी करने की घटना को दिया था अंजाम।**

**कार्यवाहीः-**



हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन मे थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर थाने के मु0अ0सं0 291/26 धारा 305ए बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को लोधीपुर से शमशान घाट वाले तिराहे से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से चोरी किये गये 1,80,000/- रुपये नकदी, एक ट्राली बैग, एक आधार कार्ड व अवैध असलाह बरामद हुआ है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

सन्जू पुत्र स्व0 प्रीतम सिंह निवासी मौ0 भीमनगर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. चोरी किये गये 1,80,000/- रुपये नकदी, एक ट्राली बैग, एक आधार कार्ड (सम्बन्धित मु0अ0सं0 291/2026 धारा 305ए, 317(2) बीएनएस थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़)
2. एक अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री रविन्द्र कुमार थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार सिंह थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।
3. उ0नि0 श्री मनीष कुमार पिप्पल थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।
4. है0का0 273 देवी सिंह थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।